# एरोनॉटिकल एवं ड्रोन एग्रीकल्चर डिप्लोमा कोर्स खुलवाने का प्रयास करेंगे : उपमुख्यमंत्री शुक्ल



जागरण, रीवा

कल्पना चावला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. कल्पना चावला की 23वीं पुण्य स्मरण तिथि एवं कल्पना कल्याण समिति का 10वां स्थापना पर्व वृहद कार्यक्रम के रूप में शनिवार को मनाया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री मप्र शासन राजेंद्र शुक्ला ने वर्चुअली जुड़कर डॉ. कल्पना चावला को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पॉलीटेक्निक कॉलेज रीवा में भव्य प्रतिमा एवं उनके नाम से डॉ. कल्पना चावला शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नामकरण किया गया है, इससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिल रही है। डॉ. कल्पना चावला ने अपनी प्रतिभा, शौर्य, साहस, पराक्रम से पूरे विश्व में भारत का नाम गौरन्वित किया है। उन्होंने आगे कहा कि रीवा में डिप्लोमा इन एरोनाटिकल इंजीनियरिंग एवं ड्रोन एग्रीकल्चर के डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ कराये जाने का प्रयास करेगें। अध्यक्षता नीता कोल अध्यक्ष जिला पंचायत रीवा ने कल्पना कल्याण समिति की प्रशंसा करते हुये कहा कि डॉ. कल्पना चावला की मूर्ति स्थापना से नारी शक्ति को प्रेरणा प्राप्त हो रही है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व लोकसभा सांसद देवराज सिंह, वरिष्ठ पत्रकार जयराम शुक्ल व सैनिक स्कूल के प्राचार्य करनल अविनाश रावल, ब्रह्मकुमारीज केन्द्र की प्रमुख बहन निर्मला बहन की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में स्थापित कल्पना चावला जी की आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद उनके चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर उन्हें नमन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर ककस की उड़ान की पत्रिका के तृतीय अंक का विमोचन किया गया। तत्पश्चात विभिन्न महाविद्यालय व विद्यालयों की विगत दिवस मानव कल्याण में विज्ञान की भूमिका विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कल्पना चावला समिति ने उनकी 23वी पुण्यतिथि में विंध्य की उन हस्तियों को सम्मानित किया जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा की। प्रतीक चिन्ह व शॉल श्रीफल से सम्मानित किया जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में वह पूरे देश में नदियों पर काम करने के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस व शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएन तिवारी प्राचार्य वरुणेंद्र सिंह संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में पदस्थ व गायक डॉ. राजनारायण तिवारी कैंसर के क्षेत्र में विशेष चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने वाले ख्याती प्राप्त चिकित्सक डॉ. अखिलेश पटेल हाल ही में प्रशासनिक सेवाओं में डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित आयशा अंसारी व डॉ. बिहारी लाल मिश्रा पूर्व चिकित्सा अधिकारी को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष बीपी सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कक संस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम में शहर के विशिष्ट गणमान्य उपस्थित रहे जिन्होंने कल्पना चावला को न आंखों से याद किया कार्यक्रम में मुख्य रूप पुष्पराज सिंह, श्रवण प्रसाद नामदेव, राजध पटेल, रामसिया सागर, डॉ. अशोक पटेल की महती भूमिका रही। कार्यक्रम में शिक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएन पटेल कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा श्रीवास्तव साथ ही मनगवां महाविद्यालय की प्राचार्य व कई विद्यालयों के प्राचार्य शिक्षक प्राध्यापक गण एवं समाजसेवी विभू सूरी, रामानंद पीड़िहा आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. आरती तिवारी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन संस्था की कार्यकारिणी सदस्य मधु सिंह ने किया।

रीवा स्टार

रविवार, 2 फरवरी 2025 3

www.starsamachar.com

# कर्नल संजय पाण्डेय का लखनऊ में हुआ निधन

## सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**रीवा।** चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमण्डेशन कार्ड से सम्मानित कर्नल संजय पाण्डेय का 27 जनवरी को कमाण्ड हॉस्पिटल लखनऊ में निधन हो गया। उन्हें हृदयाघात के कारण भर्ती कराया गया था। लखनऊ में ही उनके परिजनों एवं सेना के लोगों की मौजूदगी में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैकड़ों नम आंखों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। कर्नल नीरज, कर्नल शेख, कर्नल अरोरा व राजपूत रेजिमेंट के अन्य अधिकारियों एवं सैनिकों ने पाण्डेय परिवार की इस अपूर्णनीय क्षति के लिए परिजनों का ढ़ाढ़स बंधाया और ईश्वर से प्रार्थना की कि परिजनों को इस अपार दुख.को सहने की शक्ति प्रदान करे। भारतीय सेना में 35 वर्ष की सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए कर्नल पाण्डेय की प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल रीवा से हुई थी। यहीं से उनका चयन एनडीए के लिए हुआ था। वर्ष 1986 में भारतीय सेना में उनको कमीशन मिला। अनंतपुर निवासी कर्नल पाण्डेय सैनिक स्कूल रीवा के राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित पूर्व वरिष्ठ शिक्षक स्व. आरआर पाण्डेय के ज्येष्ठ पुत्र थे। स्व.कर्नल अपने पीछे सहधर्मिणी श्रीमती मनो पाण्डेय, पुत्र शुभम पाण्डेय, पुत्री शुभांगी, मातुश्री श्रीमती विनोद पाण्डेय,अनुज शिवम पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। भारतीय सेना की 22 राजपूत रेजिमेंट में कर्नल रहे संजय पाण्डेय जांबाज अफसर थे। उन्हें अपनी वीरता और पराक्रम के लिए आपरेशन राइनो (असम) चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमण्डेशन कार्ड से सम्मानित किया गया था। कर्नल पाण्डेय के निधन की खबर सुनकर रीवा के इष्टमित्र स्तब्ध हैं। सैनिक स्कूल के स्टाफ, सगे संबंधियों एवं उनके शुभचिंतकों ने गहन शोक व्यक्त किया है।

